बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

पत्रांक :– 12/वि0–196/2024– 175 (ग्रा0) पटना – 15 ,दिनांक :– 13/08/2026

सेवा में,

**प्रशासनिक पदाधिकारी,**
बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन,
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना।

विषय – वर्ष 2026–27 में मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण/संचालन के बेहतर गुणवत्ता प्रबंधन, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु सहायक अभियंता (यांत्रिक) को क्षेत्र भ्रमण हेतु वाहन/मोबिलिटी की सुविधा हेतु सर्पोट फंड के रुप में ₹ 19.60 लाख (उन्नीस लाख साठ हजार रुपये) मात्र की विमुक्ति।

प्रसंगः विभागीय संकल्प संख्या–6ए/वि01–10157/2017–2969 दिनांक–22.12.2017

उपर्युक्त विभागीय संकल्प द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु योजना के सूत्रण, विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार करने, योजनाओं के कार्यों की गुणवत्ता के अनुश्रवण एवं अन्य प्रशासनिक व्यय हेतु मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल (गुणवत्ता एवं गैर गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र) निश्चंय योजना के मुख्य शीर्ष के अधीन सर्पोट फंड के रुप में 2 प्रतिशत राशि का प्रावधान किया गया है।

2. विभागीय संकल्प संख्या–6ए/वि01–10157/2017–2969 दिनांक–22.12.2017 के आलोक में मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण/संचालन के बेहतर गुणवत्ता प्रबंधन, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु सहायक अभियंता (यांत्रिक) को क्षेत्र भ्रमण हेतु निम्न तालिका के अनुसार ₹ 19.60 लाख (उन्नीस लाख साठ हजार रुपये) मात्र बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के पी0 एल0 खाता से CFMS Module के तहत् विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

| क्र0 सं0 | लोक स्वास्थ्य (यांत्रिक) प्रमंडल का नाम | प्रमंडल अंतर्गत अवर प्रमंडलों में कार्यरत सहायक अभियंता की संख्या | स्वीकृत वाहन का दर | वित्तीय वर्ष 2026–27 में अगस्त–2026 से सितम्बर–2026 तक (कुल 02 माह) के लिए प्रस्तावित विमुक्त राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पटना | 3 | 35000 | 2,10,000.00 | |
| 2 | गयाजी | 3 | 35000 | 2,10,000.00 | |
| 3 | सासाराम | 3 | 35000 | 2,10,000.00 | |
| 4 | मुजफ्फरपुर | 4 | 35000 | 2,80,000.00 | |
| 5 | छपरा | 3 | 35000 | 2,10,000.00 | |
| 6 | दरभंगा | 4 | 35000 | 2,80,000.00 | |
| 7 | भागलपुर | 2 | 35000 | 1,40,000.00 | |
| 8 | मुंगेर | 3 | 35000 | 2,10,000.00 | |
| 9 | पूर्णियां | 3 | 35000 | 2,10,000.00 | |
| कुल– | | **28** | | **19,60,000.00** | |

3. अनुरोध है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल (गुणवत्ता एवं गैर गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्र) निश्चय योजना के तहत लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं के निर्माण/संचालन के बेहतर गुणवत्ता प्रबंधन, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु सहायक अभियंता (यांत्रिक) को क्षेत्र भ्रमण हेतु वाहन/मोबिलिटी की सुविधा हेतु बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के पी0 एल0 खाता से CFMS Module के तहत् संबंधित प्रमंडल को उपर्युक्त तालिका के स्तम्भ–5 में अंकित राशि ₹ 19.60 लाख (उन्नीस लाख साठ हजार रुपये) विमुक्त की जाय।

(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (का0प्र0)

ज्ञापांक :– 12/वि0–196/2024–175(यां0) पटना – 15 ,दिनांक :– 13/08/2026

प्रतिलिपि– सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(i) बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के पी0 एल0 खाता अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के सर्पोट फंड के लेजर से प्रमण्डल को उपर्युक्त विमुक्त राशि का सहायक अभियंता (यांत्रिक) को क्षेत्र भ्रमण हेतु वाहन/मोबिलिटी की सुविधा हेतु पर भुगतान किया जायेगा।

(ii) इस योजना पर होने वाला व्यय विमुक्त राशि तक सीमित रहेगा तथा किसी भी परिस्थिति में इस राशि का व्यय अन्य मदों पर नहीं किया जायेगा।

(iii) इस राशि का उपयोग शीघ्र सुनिश्चित कर व्यय की गई राशि एवं उससे कृत कार्यों के संबंध में उपयोगिता प्रमाण–पत्र मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (का0प्र0)

ज्ञापांक :–12/वि0–196/2024–175(यां0) पटना – 15 ,दिनांक :– 13/08/2026

प्रतिलिपि–सदस्य सचिव, बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रतिलिपि–माननीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव/अभियन्ता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)/अभियन्ता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन)/मुख्य अभियंता (यांत्रिक)/मुख्य अभियन्ता(उत्तर/दक्षिण बिहार)/विशेष पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–4/प्रशाखा–6/ प्रशाखा–12/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. मुख्य अभियन्ता (यांत्रिक), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/सभी अधीक्षण अभियन्ता (यांत्रिक), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अभय कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (का0प्र0)